आकाशवाणी शिमला
10.07.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

मतदान

देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ विधानसभा क्षेत्रों में आज उपचुनाव के लिए मतदान हो रहा है। मतदान का आधिकारिक समय 6 बजे समाप्त हो चुका है लेकिन कुछ मतदान केन्द्रों के बाहर अभी भी मतदाताओं की कतारें लगी हुई हैं। ऐसे में मतदान प्रक्रिया पूरी होने में समय लगेगा। शाम पांच बजे तक के आंकड़ों के अनुसार तीनों क्षेत्रों में 67 फीसदी से अधिक मतदान हो चुका था। नालागढ़ में लगभग 75, हमीरपुर में करीब 66 और देहरा में लगभग 64 फीसदी लोग मतदान कर चुके थे। तीनों क्षेत्रों में 3 सौ 15 मतदान केंद्र बनाए गए हैं और इनमें 2 लाख 55 हज़ार 4 सौ 17 मतदाता पंजीकृत हैं। तीनों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 13 प्रत्याशियों का भाग्य इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों में बंद हो जाएगा। देहरा और नालागढ़ में पांच-पांच जबकि हमीरपुर में तीन प्रत्याशी मैदान में हैं। देहरा में मुख्य मुकाबला मुख्यमंत्री की पत्नी और कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश ठाकुर और भाजपा के होशियार सिंह के बीच है। हमीरपुर में भी मुख्य मुकाबला कांग्रेस व भाजपा के बीच ही देखने को मिल रहा है। यहां से कांग्रेस ने पुष्पेंद्र वर्मा और भाजपा ने आशीष शर्मा को मैदान में उतारा है। उधर नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के के.एल.ठाकुर और कांग्रेस के हरदीप सिंह बावा के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिल रही है। मतदाताओं ने किसके पक्ष में मतदान किया है, इसका पता 13 जुलाई को होने वाली मतगणना के बाद ही पता लगेगा।

जयराम

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर उपचुनाव के दौरान सरकारी मशीनरी के दुरूपयोग का आरोप लगाया है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि पिछले लगभग डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में कांग्रेस सरकार ने भ्रष्टाचार को संरक्षण दिया है और जिन लोगों पर आयकर और ई.डी. के छापे पड़े हैं, उनके तार सरकार से जुड़े हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों को कांग्रेस के पक्ष में मतदान के निर्देश जारी किए गए हैं और हर स्तर पर सरकारी मशीनरी का दुरूपयोग हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्तमान हालात को देखते हुए प्रदेश में नेतृत्व परिवर्तन नहीं, बल्कि सत्ता परिवर्तन की आवश्यकता है। विपक्ष के नेता ने दावा किया कि भाजपा तीनों विधानसभा क्षेत्रों में जीत हासिल करेगी।

जगत सिंह नेगी

बागवनी मंत्री जगत सिंह नेगी ने भाजपा पर ईडी और आयकर विभाग का दुरूपयोग कर उपचुनावों को प्रभावित करने का आरोप लगाया है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि भाजपा ने प्रदेश में राज्यसभा चुनाव के बाद से लगातार सरकार गिराने का षड़यंत्र रचा, लेकिन जनता ने उसे पूरी तरह नकार दिया है। जगत सिंह नेगी ने कहा कि भाजपा नेता राज्य सरकार पर सरकारी मशीनरी के दुरूपयोग को लेकर बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं और उन्हें चुनावों में पार्टी की हार की चिंता सता रही है। बागवानी मंत्री ने कहा कि विपक्ष के नेता सरकार को गिराने के दावे कर रही है लेकिन, प्रदेश की जनता इस तरह की राजनीति को पसंद नहीं करती है।

सैहब सोसायटी

शिमला में सैहब सोसायटी कर्मचारी यूनियन ने नगर निगम के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। नगर निगम के सफाई कर्मचारियों ने नगर निगम आयुक्त को 32 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा था लेकिन उस पर कोई

कार्रवाई न होने पर इन कर्मचारियों ने आज उपायुक्त कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। यूनियन के प्रधान जसवंत सिंह ने कहा कि पिछले एक वर्ष से सफाई कर्मचारियों की मांगों पर कोई गौर नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों को नगर निगम में मर्ज करना, ईपीएफ सुविधा, सालाना 39 छुट्टियां और समय पर पदोन्नति आदि यूनियन की मुख्य मांगे हैं।

संचार नेटवर्क

लाहौल–स्पिति ज़िले में ग्राम्फू–काज़ा–समदो सड़क पर संचार सुविधा न होने से लोगों विशेष तौर पर पर्यटकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम्फू से लोसर तक लगभग 60 किलोमीटर के क्षेत्र में नेटवर्क व संचार की कोई सुविधा नहीं है। बातल में लंबे समय से सैटेलाइट फोन लगाने की मांग उठ रही थी और ज़िला प्रशासन की पहल से आज बातल में लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में सैटेलाइट फोन लगाया गया। क्षेत्र के लोगों ने सैटेलाइट फोन स्थापित करने के लिए प्रशासन का आभार जताया ळें

भर्ती

भारतीय सेना में अग्निवीर योजना के तहत वर्ष 2024–25 के लिए सोलन, शिमला, सिरमौर और किन्नौर जिलों के ऑनलाइन संयुक्त प्रवेश परीक्षा पास किए उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर सेना भर्ती का आयोजन 3 से 9 सितम्बर तक किया जाएगा। भर्ती निदेशक शिमला ने बताया कि ऑनलाइन परीक्षा में सफल हुए सभी उम्मीदवार अपने सिविल दस्तावेजों के सत्यापन अवश्य साथ लाएं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में सूचना उम्मीदवारों के मोबाइल पर एस.एम.एस. या उनके पंजीकृत ईमेल आई.डी. पर भी भेजी जाएगी।

————————————————————